दिन– सोमवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 23 / 12 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज राष्ट्रीय रोजगार मेले के तहत इकहत्तर हजार नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्तिपत्र सौंपेंगे। राजधानी पटना समेत देशभर के पैंतालीस स्थानों पर आयोजित होगा कार्यक्रम।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पश्चिम चंपारण जिले से अपनी प्रगति यात्रा की शुरूआत करेंगे। सात सौ अस्सी करोड़ रूपये की विभिन्न योजनाओं का होगा उद्घाटन और शिलान्यास।

03. राज्य सरकार पटना में पिछले दिनों आयोजित बिहार बिजनेस कनेक्ट ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट के दौरान हुए निवेश समझौते पर अमल के लिए नोडल अधिकारी की तैनाती करेगी।

04. और, महिला कबड्डी विश्व कप, दो हजार पच्चीस की मेजबानी बिहार को। राजगीर खेल अकादमी में मार्च महीने में आयोजित होगी प्रतियोगिता।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज राष्ट्रीय रोजगार मेले के तहत वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में इकहत्तर हजार नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्तिपत्र वितरित करेंगे। वे इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि रोजगार मेला देश के पैंतालीस स्थानों पर आयोजित किया जाएगा।

–––रिपोर्ट–––

इधर, केन्द्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह पटना के ऊर्जा ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र सौपेंगे। वहीं, मुजफ्फरपुर के झपहां स्थित सीआरपीएफ के ग्रुप केन्द्र में भी रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। यहां जल शक्ति राज्यमंत्री डॉ राज भूषण चौधरी निषाद मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पश्चिम चंपारण जिले से अपनी प्रगति यात्रा की शुरूआत करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सभी तैयारियां  पूरी कर ली गयी हैं।

---रिपोर्ट---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जिले के बगहा–टू प्रखंड के संतपुर पंचायत के थारू टोला घोठवा से अपनी यात्रा की शुरूआत करेंगे। इस दौरान वे राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे और लोगों की राय भी जानेंगे। प्रगति यात्रा के क्रम में श्री कुमार सात सौ अस्सी करोड़ रूपये की विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। वे थारू जनजाति द्वारा निर्मित उत्पादों को अवलोकन करेंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री जीविका दीदीयों से संवाद भी करेंगे। मुख्यमंत्री का शिकारपुर गांव जाने का भी कार्यक्रम है। वे वहां मनरेगा पार्क, तालाब, विवाह उत्सव भवन और पुस्तकालय सहित अन्य स्थलों का निरीक्षण करेंगे। मुख्यमंत्री के साथ जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी समेत राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य मौजूद रहेंगे। साथ ही विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव और मुख्य सचिव भी इस दौरान उपस्थित रहेंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए बेतिया से आशीष कुमार।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा का पहला चरण अट्ठाईस दिसम्बर तक चलेगा। इस दौरान वे पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी और मुजफ्फरपुर जिले का दौरा करेंगे। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने कहा कि इसका उद्देश्य लोगों को बिहार के विकास के बारे में जानकारी देना है।

---बाईट---

इधर, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा की आलोचना करते हुए कहा कि यह यात्रा राज्य के संसाधनों का दुरूपयोग है।

---

राज्य सरकार पटना में पिछले दिनों आयोजित बिहार बिजनेस कनेक्ट ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट के दौरान हुए निवेश समझौते पर अमल के लिए नोडल अधिकारी की तैनाती करेगा। मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने बताया कि विभिन्न विभागों के बीच समन्वय के लिए प्रत्येक पांच से दस एमओयू पर एक नोडल अधिकारी की तैनाती की जाएगी। उन्होंने कहा कि ये अधिकारी निवेश की प्रगति की नियमित समीक्षा करेंगे और विभिन्न विभागों बीच समन्वय में सहयोग करेंगे। मुख्य सचिव ने कहा कि एक वर्ष के अंदर निवेश की सारी प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य निवेश प्रोत्साहन पर्षद की बैठक के दौरान इस संबंध में हुई प्रगति की समय – समय पर समीक्षा की जाएगी। पटना में हुए निवेशक सम्मेलन के दौरान विभिन्न क्षेत्रों की चार सौ

तेईस कंपनियों ने राज्य में एक लाख अस्सी हजार करोड़ रूपये के निवेश का करार किया था।

---

ऊर्जा विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल ने कहा है कि किसानों को सिंचाई के लिए बिजली कनेक्शन देना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पूर्व की योजनाओं के तहत डीजल चालित कुल सात लाख बीस हजार पम्प सेटों में से अब तक कुल तीन लाख साठ हजार कृषि पम्प सेटों को विद्युत कनेक्शन प्रदान किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष के लिए विभाग तीन महीने पहले ही निर्धारित लक्ष्य को हासिल कर लेगा।

---

आज राष्ट्रीय किसान दिवस है। यह राष्ट्र की प्रगति में किसानों के योगदान को सम्मान देने का अवसर है। यह दिवस पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए, केंद्र सरकार ने उनके सामाजिक–आर्थिक उत्थान और सतत कृषि विकास सुनिश्चित करने के लिए कई पहल शुरू की है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना सहित इन कार्यक्रमों का उद्देश्य किसानों को वित्तीय सुरक्षा और दीर्घकालिक सामाजिक सुरक्षा प्रदान करते हुए उनके जोखिम को कम करना है।

---

भाजपा बिहार विधानसभा चुनाव से पहले संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करेगी। साथ ही केंद्र में नरेंद्र मोदी और बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार के कामकाज का प्रचार–प्रसार करेगी। हरियाणा के सूरजकुंड में कल से शुरू हुई बिहार भाजपा कोर कमेटी की दो दिवसीय बैठक के पहले दिन इस पर सहमति बनी। पार्टी सूत्रों के अनुसार सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं पर आम जनता से फीडबैक भी लिया जायेगा। बैठक में विधानसभा चुनाव को देखते हुए एनडीए का साझा कार्यक्रम चलाने के साथ ही अगले तीन–चार महीने तक के संभावित कार्यक्रमों पर भी चर्चा हुई। बैठक आज भी जारी रहेगी। इस बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, बिहार प्रभारी विनोद तावड़े, प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, उपमुख्यमंत्री

सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह तथा नित्यानंद राय समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल हो रहे हैं।

———————————————————————

जदयू का नारी शक्ति रथ और कर्पूरी रथ गांव–गांव में जाकर राज्य सरकार की उपलब्धियों का प्रचार–प्रसार करेगा तथा मतदाताओं को जागरूक करेगा। कल पटना प्रदेश कार्यालय से पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा और प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने इन रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। श्री झा ने कहा कि दो महीने तक ये रथ विभिन्न जिलों का भ्रमण करेंगे और राज्य सरकार की उपलब्धियों को आम लोगों के बीच रखेंगे।

———————————————————————

बिहार महिला कबड्डी विश्व कप, दो हजार पच्चीस की मेजबानी करेगा। राजगीर खेल अकादमी के इंडोर हॉल में मार्च महीने में यह प्रतियोगिता आयोजित होगी। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवीन्द्रण शंकरण ने बताया कि प्रतियोगिता में चौदह देश–भारत, चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, नेपाल, पाकिस्तान, ईरान, इंडोनेशिया, श्रीलंका, थाइलैंड, पोलैंड, अर्जेंटीना और दक्षिण अफ्रीका की टीमें के भी भाग लेने की संभावना है। श्री शंकरण ने बताया कि  आयोजन के सिलसिले में कल अंतरराष्ट्रीय कबड्डी फेडरेशन के अध्यक्ष और एशियन कबड्डी फेडरेशन के अध्यक्ष पटना पहुंचे थे। गौरतलब है कि बिहार को दूसरी बार इस प्रतियोगिता की मेजबानी मिली है। पहली बार वर्ष दो हजार बारह में पाटलिपुत्र खेल परिसर में महिला कबड्डी विश्व कप का आयोजन हुआ था।

———————————————————————

ओडिशा के कटक में खेले जा रहे विजय मर्चेंट ट्रॉफी प्लेट–ग्रुप मैच में बिहार ने नगालैंड के खिलाफ पहले दिन का खेल समाप्त होने तक दो सौ उनासी रन बना लिये हैं। बिहार की ओर से सार्थक झा ने शतक जमाया।

पूर्णिया में आयोजित चौदहवीं बिहार सब–जूनियर महिला हॉकी प्रतियोगिता में पटना की टीम विजेता बनी है। फाइनल मुकाबले में पटना ने पूर्णिया को दो–शून्य से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया।

———————————————————————

पूरबा हवा के प्रभाव से प्रदेश का अधिकतम और न्यूनतम तापमान अभी भी सामान्य से ऊपर बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य का औसत न्यूनतम तापमान ग्यारह डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान छब्बीस डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। विभाग ने कहा है कि बंगाल की खाड़ी में चक्रवातीय परिस्थितियां बनी हुयी हैं, जिसके चलते अभी कड़ाके की ठंड के आसार नहीं हैं। पच्चीस दिसम्बर से औसत तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की और बढ़ोतरी होगी, जिससे ठंड में और कमी आयेगी।

---

पूर्णिया जिले के धमदाहा थाना क्षेत्र के ढोकवा गांव में एक पिकअप वैन की चपेट में आने से तीन बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में सात लोग घायल हो गए हैं, जिनका इलाज चल रहा है। वाहन चालक की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। इधर, किशनगंज जिले के बहादुरगंज गुदरी बाजार स्थित एक घर की जर्जर दीवार गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए। दूसरी तरफ, बक्सर गंगा पुल पर एक ट्रैक्टर और ट्रक के बीच हुई टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गयी, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। एक अन्य घटना में कैमूर जिले के दुर्गावती थाना क्षेत्र के कर्णपुरा गांव में एक ट्रेलर की चपेट में आने से मोटरसाईकिल सवार दो सगे भाईयों की मौत हो गयी।

---

पूर्णिया के गुलाबबाग मंडी में पुलिस ने छापेमारी कर एक करोड़ रूपये मूल्य की चाईनीज लहसुन जब्त की है। पुलिस ने गोदाम को सील कर दिया है।

सहरसा साइबर थाने की पुलिस ने गेमिंग एप के माध्यम से ठगी करने वाले गिरोह के तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

---

अखबारों की सुर्खियां....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है

हिंदुस्तान की सुर्खी है – बिहार में दस निवेशक पर एक नोडल अधिकारी तैनात होंगे, निवेशक सम्मेलन में हुए करार को एक साल में जमीन पर उतारेंगे।

दैनिक जागरण ने लिखा है– नीतीश की प्रगति यात्रा आज से, पश्चिम चंपारण के थारू टोला से होगी शुरुआत।

प्रभात खबर की सुर्खी है – एनटीए– पारदर्शी परीक्षा कराने के लिए समन्वय समिति बनी।

दैनिक भास्कर ने अपनी विशेष रिपोर्ट में लिखा है– बिजली कंपनियां अब खुद ही दरें घटा–बढ़ा सकेंगी।

राष्ट्रीय सहारा ने भाजपा नेता और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के हवाले से लिखा है– नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही विधानसभा चुनाव लड़ेगा एनडीए।

आज अखबार के शब्द हैं – बिहार और बंगाल की पानी में सबसे ज्यादा आर्सेनिक, फसलों को कर रहा प्रभावित।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज राष्ट्रीय रोजगार मेले के तहत इकहत्तर हजार नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्तिपत्र सौंपेंगे। राजधानी पटना समेत देशभर के पैंतालीस स्थानों पर आयोजित होगा कार्यक्रम।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पश्चिम चंपारण जिले से अपनी प्रगति यात्रा की शुरूआत करेंगे। सात सौ अस्सी करोड़ रूपये की विभिन्न योजनाओं का होगा उद्घाटन और शिलान्यास।

03. राज्य सरकार पटना में पिछले दिनों आयोजित बिहार बिजनेस कनेक्ट ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट के दौरान हुए निवेश समझौते पर अमल के लिए नोडल अधिकारी की तैनाती करेगी।

04. और, महिला कबड्डी विश्व कप, दो हजार पच्चीस की मेजबानी बिहार को। राजगीर खेल अकादमी में मार्च महीने में आयोजित होगी प्रतियोगिता।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।